# प्रदेश में औद्योगिक विकास दिख रहा : योगी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। अच्छी सरकार और बेहतर कानून व्यवस्था से ही प्रदेश में औद्योगिक विकास दिख रहा है। विकसित देश-प्रदेश के संकल्प को पूरा करने लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।

सीएम, गुरुवार को गीडा की आवासीय परियोजना समेत 1040 करोड़ रुपये की सौगात देने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे।

## पढ़ाई पूरी होते ही नौकरी

सीएम योगी ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने का काम गीडा में स्थापित नाइलिट के स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर से हो रहा है। पहले युवा नौकरी के लिए भटकते थे, अब यहीं ट्रेनिंग लेकर नौकरी हासिल कर लेंगे। एक युवा पढ़ाई पूरी कर जब बाहर निकलेगा तो नौकरी उसके इंतजार में होगी।

## आस्था का भी सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ विकास हो रहा है तो दूसरी तरफ आस्था का सम्मान भी हो रहा है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद श्रीअयोध्याधाम में भगवान श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। उन्होंने आग्रह किया कि वे श्री अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं।